पत्रिका

# खाता को सुरक्षित रखने के लिए ईकेवायसी बहुत जरूरी है




नटेरन. जनपद सभागृह नटेरन में गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जन सुरक्षा कैंप लगाया गया।जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनावेली तथा भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति क्षेत्री महा प्रवंधक विनय कुमार एसडीएम अजय पटेल लीड बैंक प्रबंधक भगवान सिंह बघेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, नटेरन ब्रांच के प्रबंधक मयंक द्विवेदी उपस्थित रहे। कैंप के दौरान रीजनल हेड रेखा चंदनावली ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक का नियम है कि 10 साल बाद खाते को अपडेट किया जाता है। अपडेट के लिए ईकेवायसी बहुत जरूरी है। अगर हम केवायसी नह करवाएंगे तो हमारा खाता असुरक्षि हो जाएगा। 10 मिनिट की बहुत सिंपल प्रक्रिया है, क्योस्क सेंटर पर पहुंचक केवायसी होना जरूरी है। ईकेवायर न कराने पर शासन द्वारा मिलने वाल हितग्राही मूलक योजनाओं का पैस बंद हो जाएगा। क्षेत्रीय महाप्रबंधव भोपल कुंदन ज्योति ने बताया कि ज सुरक्षा कैंप के द्वारा आपकी बैंव आपके द्वारा पहुंचकर आपके गांव ही ईकेवायसी का कार्य किया जा रह है। सभी खाता धारक से आग्रह है वि बैंक द्वारा 20 रुपए का बीम आवश्यक रूप से करवाएं एवं 43 का जीवन ज्योति बीमा इन दोन योजनाओं का लाभ अवश्य लें।